कर्णवेध परोजना	श्रवण, घनिष्ठा, पुनर्वसु, हस्त, अश्वि, पुष्य, अभिजित, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनु (देवशयन, चैत्र, पौष, जन्ममास तथा समवर्ष निषेध) जन्मतः ६-७ मास शुभ।	शुभ	शुभ
जडुला उतारना	मृगशिरा, रेवती, चित्रा, स्वाति, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, अश्विनी, पुष्य, ज्येष्ठा, ३,५,७वर्षे, उत्तरायणे (चैत्र माह छोड़कर)	शुभ	शुभ
विद्यारंभ अक्षरबोध	मूलतः पंचम् ५ वर्षे अश्वि. मृ. आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य श्ले. पूर्वा. ३ हस्त चित्रा स्वाति मूल घनिष्ठा शतभिषा अनध्याय वर्जित दिन तथा कुम्भ रवि निषेध। १-८ तिथि नैव।	२,३,५, ६,१०, ११,१२	सू.बु. गु.शु.
चूड़ा पहनना	अश्वि.ह.चि.स्वा.वि.अनु.घनि.रेव. शुभ। सूर्यभात ३ने.५ने. ३शु.४शु.७ने.२ने.१शु.२शु.१ने.।उत्तरा ३ रोहिणी नेष्टम्	शुभ	सु.गु. बु.शु.

मुहूर्त्तनाम	नक्षत्रादिकम्	तिथि	वार
कन्या वरण	पूर्वा फा. ३ उत्तरा. ३, श्रवण अनुराधा स्वाति घनिष्ठा कृतिका रोहिणी रेवती मूल मृग मघा, हस्त एवं वैवाहिक नक्षत्र शुभद।	शुभ	मंगल त्याग
वर वरण	पूर्वा ३, उत्तरा ३, कृतिका रोहिणी।	शुभ	शुभ
वधू प्रवेश	विवाहतः २, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, १२, १४, १६ दिन। एवमग्रे विषम मास तथा वर्षों में। हस्त चि. रोहि. मृग अश्वि. रेवती, मघा, पुष्य, घनि. श्रव. उत्तरा ३ मूल. अनु. तथा स्थिर लग्न मान्य हैं।	शुभ	शुभ
द्विरागमन मुकलावा	मेषे. वृश्चि. कुम्भ के सूर्ये, मूल, ह. चि. रो. मृ. अश्वि. पुष्य. उ. ३, श्र. ध. पुन. रे. स्वा. अनु. २-३-६-७-१२ लग्ने विवाहतः १-३-५ वर्षे, दीपावली, विजयादशमी अबूझ शुभ।	शुभ	शुभ
गंधर्व विवाह	अश्विनी, कृतिका, आर्द्रा, पुनर्वसु, श्ले, ज्येष्ठा, घनिष्ठा, शतभिषा, इन नक्षत्रों में तथा गुरू शुक्रास्त का विचार नहीं।	शुभ	सू.मं. श.
दूकान शुभारंभ	उत्तरा ३, रोहिणी, मृगशिरा, चित्रा, रेवती, अनुराधा, हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभि. चन्द्रलग्ने, कुंभ लग्ने निषेध।	शुभ	मंगल त्याग
वस्तु क्रय खरीद	शुक्ल पक्ष की ११ से कृष्णपक्ष की ५ तक, रेवती, अश्वि. स्वाति, श्रवण, शतभिषा, चित्रा	शुभ	शुभ
वस्तु विक्रय	पूर्वा ३, विशाखा कृतिका आश्लेषा, भरणी शुभद, रिक्ता तिथि अमावस्या निषेध, कुम्भ लग्न निषेध।	शुभ	शुभ
बहीखाता व्यवस्था	मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त चित्रा अनुराधा श्रवण रेवती चर तथा द्विस्वभाव लग्ने।	शुभ	शुभ
नौकर रखना	हस्त अभिजित अश्विनी पुष्य मृगशिरा रेवती चित्रा अनुराधा राशि + नक्षत्र+योनि मैत्री आदि वर्ग वैर चिन्तनीयम्।	शुभ	शुभ
चुल्हा स्थापना	सूर्य नक्षत्र से इष्ट दिन नक्षत्र तक गिने ६ तक श्रेष्ठ, १० तक मृत्यु, १८ तक सुख, २३ तक नाश, २५ तक भोगदायक, २७ तक नाश	शुभ	सु.गु. बु.शु.
रोगमुक्त स्नान	रेवती पुनर्वसु उत्तरा ३, रोहिणी मघा स्वाति आश्लेषा इनमें निषेध तथा शेष नक्षत्रों में अशुभ चन्द्र स्थिति रहते	अशुभ	चं.शु. त्याग
ऋण का लेन-देन	मंगलवार संक्रान्ति दिन, वृद्धियोग, हस्तयुक्त रविवार को ऋण नहीं लेवें। मंगल को चुकावें तथा बुधवार को धन नहीं देवें।		

कृषिकर्म विषये

हल चलाना कृषि-कर्म - मूल. विशा, मघा, -स्वा, पुन. श्र, ध, शत, उत्तरा -३ रोहि, मृग, चित्रा, रे, अनु सूर्यनक्षत्र गणना- ३ ने ३ श्रे ३ ने ५ श्रे ३ ने ५ श्रे ३ ने २ श्रे। वार तिथि शुभ है।

बीज बावनी - हल चालक नक्षत्रों में से श्रवण, शतभिषा, पुनर्वसु, विशाखा छोड़ देवें तथा शेष नक्षत्रों में बीज बोवें।
राहु नक्षत्रतः गणना- ८ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, ४ ने। तिथि शुभ लेवें। वार सभी (मंगल छोड़कर)

दंगी सीटा तोड़ना -फसल कटाई में मूल. ज्ये. आर्द्रा. श्ले. पूभा. हस्त. कृ. श्र. ध. मृ. स्वा. मघा. उत्त. ३ पूवा. भरणी. पुष्य स्थिर लग्ने वार + तिथि शुभ।

ट्रक-मोटर-कार-इंजन-स्कूटर-बस क्रय मुहूर्त हेतु

अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, घनिष्ठा, शतभिषा, रेवती शुभ तथा मंगलवार एवं ४-९-१४ तिथि अशुभ।

समाधान सिद्धिसूत्रक-कालहोरा मुहूर्त

यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्म किंचित्प्रकीर्तितम् । तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते ॥
प्रस्तुत श्लोक मुहूर्त शास्त्रीयवचनविशेष का परिचायक है, आवश्यकता विशेष में कार्यसिद्धि समाधान हेतु काल होरा मुहूर्त की संरचना शास्त्रकारों ने वर्णित की है। जो कि पुरातन आगमकाल से लोक व्यवहार में स्थिति विशेष पर कार्य समाधान हेतु अपूर्वयोगिक फलद है। सप्त ग्रहों की सप्त ७ होरा बनती हैं, जो कि प्रतिदिन कार्य साधना समाधान हेतु श्रेष्ठ कार्य सूचक समय प्रदान करती हैं। एक होरा का कालांश समय २॥ ढाई घटी अर्थात एक घन्टा का बनता है तथा इस क्रम से प्रत्येक १ घंटे पर काल होरा का समय परिवर्तित होता है। स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः प्रतिघन्टा गतिकाल समझें। किस वार की काल होरा के समय कौन-कौन से कार्य फलद-योगद-सिद्धिप्रदायक बन पाते हैं, इसका सुलभ विवरण इस प्रकार मुहूर्त ग्रन्थों में प्रतिपादित है।

(१)सूर्य कालहोरा- आवेदन पत्र देने, राज कार्य अथवा पदअधिग्रहण, शासकीय सेवा कार्य, टेन्डर आदि देने में श्रेष्ठ। **(२)चन्द्र होरा**-सभी कार्यों के लिये कल्याण कारक। **(३) मंगल होरा**- वाद विवाद, मुकदमा, कर्ज देना, यात्रा प्रवास, सभा सोसायटी में गमन तथा न्यायालय विषय कार्य नोटिस, द्यूत क्रीड़ा हेतु श्रेष्ठ। **(४) बुध होरा**- विद्या कला साहित्यसंग्रह-शिक्षा,नवीन लेखन, पुस्तक प्रकाशन, विमोचन, नवीन व्यापार तथा मुद्रण कार्य, कोष संग्रह, प्रार्थना पत्र प्रदान करने हेतु शुभ। **(५) गुरू होरा**- विवाह विषयक कार्य, संबंध स्थापित करना, उच्च अधिकारी वर्ग से सम्पर्क, व्यवहारगति, नवीन काव्य लेखन, प्रकाशन, बैंक खाता खोलना, वस्तु संग्रह, विद्या अभ्यास तथा अन्य भी विभिन्न शुभ कार्यों हेतु शुभ सूचक। **(६) शुक्र होरा**-छाया चित्र चलचित्र,फिल्म निर्माण शुभारंभ नवीन वस्त्र तथा आभूषण धारण व निर्माण,यात्रा प्रवास, सौभाग्यवर्धक कार्य-संगीत स्वर साधना हेतु योगद। **(७)शनि होरा**- नवीन गृह निर्माण अथवा प्रवेश,भूमि खरीदी,मशीनरी मिल्स शुभारंभ, द्रव्य संग्रह, गृह नींव खात एवं खनिज खनन कार्य हेतु लाभद।

सिद्धहोरा (क्षणवार) मुहूर्त ज्ञानविधि- जिस दिन जिस समय कि कालहोरा देखनी होवे, नीचे प्रदत्त काल होरा ज्ञान चक्र कोष्ठक सारिणी से काल होरा समय ज्ञात कर लेवें यथा रविवार को पहली होरा सूर्य २॥ घटी अर्थात् एक घन्टा की, इसके बाद रविवार को ही दूसरी होरा शुक्र की ५ घटी तक, फिर इसी क्रमानुसरा तीसरी ५ से ७॥ घटी तक बुध की होरा एवं अग्रिम ७॥ से १० घटी तक चन्द्र की अर्थात् प्रति १ घंटा वृद्धि से १ घन्टे का समय प्रति १ काल होरा वार का बनता है। कोष्ठक में घटी मान तथा घन्टा मान दोनों स्पष्ट किये गये हैं। इसी क्रम से प्रत्येक दैनिक वार में इष्ट समय की होरा वार काल विदित कर सकते हैं। फलित अन्वेषक आचार्यों ने दैनिक प्रमुख वार से अधिक प्रधानता होरा के (क्षणवार) को प्रदान की है। तथ्य यह भी कि दैनिकवार तथा क्षणवार दोनों अनुकूल होवें तो विशेष फल प्रदाता समय। तथा आवश्यकता में वार दोष विकार होवे तो (क्षणवार) होराकाल के समय शुभ वार की काल होरा में कार्य सम्पन्न करना श्रेयस्कर। यथा अनायास कोई विशेष कार्यवश रविवार को पश्चिम दिशा में यात्रा करना है तो मुहूर्त नियामक से रविवार को 'दिशाशूल' यात्रा में होगा, परन्तु उस दिन भी रविवार को सोमवार की 'काल होरा' में पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ सूचक अर्थात् अवरोधितवार होने पर उस दिन की इष्ट शुभ होरा में कार्य सम्पन्न कर सकते हैं। पुनरपि फलाशय उदाहरण आज सोमवार है तथा शासकीय सेवा कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करना है, इस कार्य के लिये बुध की होरा योग्य फलद लिखी है अतः सोमवार को बुध की होरा (होरा चक्र कोष्ठक) में देखें तो ७-१४-२१ वें घंटे में बुध की होरा समय स्पष्ट लिखा ही है। अतः सोमवार को स्थानीय सूर्योदय से ६ वें, १३ वें अथवा २० वें घंटे के बाद एक-एक घंटे तक की बुध की होरा में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। तथा प्रति घंटा गणना स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः वृद्धिगत समझें। काल होरा (क्षणवार) कोष्ठ रचना निम्नानुसार -

होरा घंटा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
होरी घटी	२॥	५	७॥	१०	१२॥	१५	१७॥	२०	२२॥	२५	२७॥	३०	३२॥	३५	३७॥	४०	४२॥	४५	४७॥	५०	५२॥	५५	५७॥	६०
रविवार	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.
सोमवार	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.
मंगलवार	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.
बधुवार	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.
गुरूवार	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.
शुक्रवार	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.
शनिवार	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.

वास्तु राजवल्लभे-देवस्थापनायां मुखदिशाज्ञान

ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहा पूर्वापरस्या शुभाः।
प्रोक्तौ सर्वदिशामुखौ शिवजिनौ विष्णुर्विधाता तथा।।
चामुण्डाग्रहमातरो धनपतिर्द्वाँ भ्रातरौ भैरवो।
देवोदक्षिण दिड्मुखः कपिवरो नैऋत्यवक्रो भवेत् ।।

भावार्थ - ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य, कार्तिके की प्रतिष्ठा में पूर्व या पश्चिम दिशा में मुख। शिव, जिन, विष्णु, ब्रह्मा का सभी दिशाओं में मुख। चामुण्डा (देवी) गृह, मातृका, शीतला-भैरव आदि का दक्षिण दिशा में और श्री हनुमान जी को नैऋत्यकोण मुख करके स्थापना करना चाहिए।

कूपजलाशयाऽरंभे-नक्षत्रशुद्धिस्पष्टता

सूर्यनक्षत्र चार से इष्टदिन नक्षत्र गणना ३ संख्या शुभ तथा अग्रिम ३ अशुभ एवं क्रमशः ३ शुभ, ३ अशुभ, ३ शुभ, ३ अशुभ तथा ३ क्रमशः शुभ, ३ अशुभ तथा ३ शुभ अग्रिम गणना करते प्रतिफल समझना योग्य

भूमिभवनमध्ये कूपखनन स्थानफलम्

कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थनाशस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्ववर्यवृद्धिः।
सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत् पीड़ा शत्रुतः
स्याच्च सौख्यम्।। श्लोक भावार्थ स्पष्टता चक्र -

ईशान-सौख्य	पूर्व-श्रीवृद्धि	अग्निकोण-पुत्रभार
उत्तर-सौख्य	मध्य-हानि	दक्षिण-स्त्रीभार
वायव्य-पीड़ा	पश्चिम-सौख्य	नैऋत्य-स्वामीभार

अर्थात् वास्तु भूमि के ईशान-पूर्व-पश्चिम तथा उत्तरभाग में कूप खनन निर्माण शुभ फल संचारक होता है। ✲ **विशेष**- यदि कूप या अन्य जलाशय पहले से ही बना हो तो उस कूप-जलाशय भाग से प्रतिकूल वायव्य उत्तर-ईशान-आग्नेय भागों में गृह निर्माण शुभ फलदायक नहीं।

श्रीमद् भागवत सप्ताह मुहूर्त

शुभ मास- आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन शुक्ल पक्ष, कार्तिक एवं मार्गशीर्ष श्रेष्ठ। चैत्र(मीन संक्रांति)पौष निषेध अन्य सभी मास उपयुक्त। **शुभ तिथि**- २,३,५,६,१०,११,१२,१५। भद्रा दोष न हो।

शुभ वार-सोमवार,बुधवार, गुरुवार शुक्रवार(रविवार शनिवार मध्यम) **शुभ नक्षत्र**- अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

पितरमोक्ष हेतु मृत्युतिथि, श्राद्ध दिवस, अगहन शुक्ल चतुर्दशी अथवा अमावस्या पर भागवत कथा का आरंभ विशेष शुभ।

प्रतिकूल दोषाऽभावः सूत्रम् दुर्भिक्षे राष्ट्रभंगे च पित्रोर्वाप्राणसंशये। प्रोढायामपि कन्यायां प्रतिकूलं न दूष्यति।तथा च ऋषिमेधा वचन-दीर्घरोगाभिभूतस्य दूरदेशास्थितस्य च। उदासवर्तिनश्चैव प्रतिकूलं न विद्यते॥ भावार्थ यह कि- दुर्भिक्ष, राष्ट्रसंकट या माता-पिता के मरण संदेह तथा कन्या प्रौढा हो तो प्रतिकूलता का दोष नहीं तथा अधिक काल तक रोग से पीड़ित या दूर देश स्थित या उदासी गति-मति के कारण होने पर प्रतिकूलता का दोष नहीं।

यात्रा प्रवास हेतु श्री गोकुलनाथजी के वचनामृत-श्री गोरक्षनाथजी के वचनतत्व यात्रा भ्रमण सुयोग

पौ	मा	फा	चै	वै	ज्ये	आ	श्रा	भा	आ	का	मं	फलश्रुति	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सुख, विवाद का अभाव, यात्रा योग सुखद, सुविधा गति,	अर्थसिद्धि	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भय	द्रव्य
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	विवाद, मानसिक दुःख, पृथागमन कुयोग, महाभय	महाभय	क्लेश	सुख	कुशल	शून्य	नाश	दरिद्र	चिन्ता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	कार्यसिद्धि, अर्थलाभ, विजय, मेल मिलाप सम्पर्क योग	अर्थलाभ	राजपद	सुख	विनाश	द्रव्य	दुःख	इष्टप्राप्ति	धनप्राप्ति
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	श्रम साधना, परन्तु प्रतिफल नेष्ट नहीं, मध्यमकार्य योग	क्लेश	कल्याण	क्लेश	अहित	क्लेश	अहित	धन	सुख
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	वस्तु लाभ, संकट की निवृत्ति, मेल-मिलाप, कार्य सिद्धि	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	धन	धन	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	चिन्ता, विवाद मानसिक पतन, वियोग, सफलता न्यून	संकट	क्लेश	मित्र	अर्थप्राप्ति	भय	लाभ	मृत्यु	धनलाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	कार्यलाभ, मेल मिलाप सम्पर्क, कार्य साधना, सिद्धियोग	विलम्ब	अर्थप्राप्ति	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कुयोग, कार्यहानि, विवाद, व्यवहार-मिलाप की न्यूनता	०	०	०	०	०	सुख	०	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	अर्थ-लाभ, कार्ययोग सफलता, यात्रा प्रवास सुखद	अर्थ	बहुभय	मित्र	सुख	सुख	लाभ	कार्यसिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	यात्रा प्रवास योगद परंतु श्रम साधना विशेष, कार्य विलम्ब,	शीघ्रलाभ	सम्पूर्ण	मरण	मरण	क्लेश	कष्ट	धन	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मानसिक कष्ट, विवाद, भय, परंतु परिणाम नेष्ट नहीं,	मरण	अर्थ	कुशल	मृत्यु	लोभ	धननाश	०	मित्र
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	सुख-सुविधा, मेल-मिलाप, सार्थक, गति, कार्य सुयोग।	मरण	अर्थ	सुख	कुशल	०	सुख	मृत्यु	कष्ट

***यात्रा प्रवास हेतु गोकुलनाथ गोरक्षनाथजी** के मतानुसार गमन प्रयाण के लिये मुहूर्त साधना पुरातन समय से लोकप्रिय व्यवहार योग्य है। बायें तरफ के पहले द्वादश १२ कोष्ठ में द्वादश मास नाम लिखे हैं तत्पश्चात फलश्रुति लिखी है और उसके बाद चार कोष्ठ में चार प्रहर की फलश्रुति अलग-अलग लिखी है और आगे के ४ कोष्ठों में दिशा और उनकी फलश्रुति दी है। * कोष्ठों में बताये अंकों का तृतीया और तेरस, चतुर्थी और चौदस, पंचमी और पूर्णिमा इनका फल एक है। * बदी चौदस तथा अमावस का निषेध। इन मुहूर्त पर गमन करने वालों को चन्द्र-भद्रा-भरणी-दिशाशूल-योगिनी काल घात वार आदि का दोष नहीं। * गोरखनाथजी के प्रश्न पर मत्स्येन्द्रनाथ ने इस मुहूर्त को 'मुहूर्त्तराज' कहा। * **उदाहरणार्थ** - कोष्ठ में दी गई तिथि-उस मास के बदी पक्ष तथा सुदी पक्ष में एक समान समझना चाहिये यथा फाल्गुन सुदी तथा बदी तिथि के मुहूर्त पर गमन करने वालों का कार्यसिद्ध होवे। पहले प्रहर में जाने से अर्थलाभ । दूसरे प्रहर में राज्य सुख, तीसरे में शोक, चौथे में सुख एवं दिशाओं के भी फल जानें। श्रीवल्लभ सम्प्रदाय के वैष्णव इस मुहूर्त्तवेला को श्री गोकुलनाथ के वचनामृत भी कहते हैं।

सम्मुखचन्द्रदिशाप्रति

मेषे च सिंहे धनुपूर्वभागे वृषे च कन्या मकरे च याम्ये ॥ युग्म तुला कुंभसु पश्चिमायां, कर्कालिमीने दिशि चोत्तरस्यां ॥१॥ फल सन्मुखो अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसंपदे । पृष्टतः प्राणनाशाय वामे चंद्रे धनक्षयः ॥२॥ अर्थः मेष सिंह धनु पूर्व वृषभ कन्या मकर दक्षिण मिथुन तुला कुंभ पश्चिमे कर्क मीन वृश्चिके उत्तरे।

योगिनीचक्रम्

ईशान ३०।८	पूर्व १।९	आग्नेय ३।११
उत्तर २।१०	योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछितदायिनी॥ दक्षिणे धनहंत्री च सन्मुखे मरण प्रदा॥ १ ॥	दक्षिण ५।१३
वायव्य ७।१५	पश्चिम ६।१४	नैर्ऋत्य ४।१२

कालराहुचक्रम्

ईशान	पूर्व शनि	आग्नेय शुक्र
उत्तर - रवि	अर्कोत्तरे वायुदिशां च सोमे भौमे प्रतीच्यां बुधनैर्ऋते च याम्ये गुरौ वन्हिदिशां च शुक्रे मंदे च पूर्वे प्रवदंति कालः॥	दक्षिण - गुरु
वायव्य सोम	पश्चिम मंगल	नैर्ऋत्य बुध

दिशाशूलचक्रम्

	पूर्व चंद्र-शनि	
उत्तर बुध-मंगल	दिशाशूल ले जावो वामे राहू योगिनी पूठ॥ सन्मुख लेवे चंद्रमा ल्यावें लक्ष्मी लूट ॥ १ ॥	दक्षिण गुरु
	पश्चिम रवि-शुक्र	

यात्रा विशेष सुयोग

हिंवर सुयोग - सूर्य नक्षत्रचार से इष्ट दिवस चन्द्र नक्षत्र की गणना कर इस संख्या में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से इष्ट दिवस की तिथि संख्या तथा रविवार क्रम से इष्ट दिवस वार की संख्या जोड़कर ९ का भाग देवें। भाग देने पर ७ शेष बचे तो हिंवर योग दिवस बनता है, यह दिवस यात्रा में शुभ है। **टेलक सुयोग**-सूर्य नक्षत्र चार से इष्ट दिवस नक्षत्र संख्या में इष्ट दिवस तिथि तथा वार जोड़कर ७ का भाग देने पर ५ शेष बचने से टेलक योग बनता है। तस्करी एवं अनैतिक कार्य-चौर्यकार्य में यह सुयोग मान्य है।

श्री शिवद्विघटिका मुहूर्त्ताः तथा च विविध शास्त्रीय शकुन ज्ञान सूत्राणि पंचांगे निर्णय सागरे-नीमच नगरस्थे

न तिथिर्न च नक्षत्रं योगं करणं तथा। शिवस्याज्ञां समादाय देवकार्य विचिन्तयेत् ।। माहेन्द्रममृतं वक्रं शून्यं क्षणचतुष्टयम् । क्रियते मिहिरेणेदं यात्रोद्वाहादिमंगले ।। माहेन्द्रे विजयो नित्यममृते कार्यशोभनम् । वक्रे गतिविलम्बः स्याच्छून्ये च मरणंभयम् ।। सूत्रानुसार विभिन्न प्रान्तों में ज्योतिर्विद मुहूर्त समाधान करते हैं। यहाँ कोष्ठक रचना में दिन तथा रात्रि का मान ३०-३० घटी का लिया गया है, यदि और भी काल सूक्ष्मता चाहे तो इष्ट दिन के दिनमान अथवा रात्रिमान के न्यूनाधिक होने पर अनुपात से अधिक या कम घटी मान करना युक्तियुक्त है। * **मा.** अर्थात् माहेन्द्र शुभ प्रतिफल * **अ.** अर्थात् अमृत-शुभ प्रतिफल * **व.** अर्थात् वक्र-कष्टतः समाधान * **शू.** अर्थात् शून्य-नेष्ट अशुभ फलकाल इस प्रकार का शुभाशुभ प्रतिफल यात्रा कार्य तथा अन्य भी आवश्यकता विशेष के मांगलिक कार्य समाधान हेतु विचार करके समय निर्धारण कर सकते हैं। तथापि श्री मिहिराचार्य दैवज्ञ श्री द्वारा १२-१२ घन्टे का समय मानक ही मान्य रखा है। एवं २-२ घटी का प्रत्येक १ मुहूर्त का मानक ही गणनीय है।

	माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, श्रावण, भाद्रपद		ज्येष्ठ और आषाढ		आश्विन, कार्त्तिक, मार्गशीर्ष और पौष
रवि	दिन - मा.२ अ.८ व.१० शू.८ अ.२ रात्रि - शू.२ मा.२ शू.२ अ.४ शू.२ व.६ शू.६ मा.२ अ.४	रवि	दिन - अ.६ व.८ अ.८ शू.२ मा.२ शू.४ रात्रि - शू.२ अ.८ व.६ अ.६ व.४ मा.४	रवि	दिन - शू.४ अ.६ व.६ अ.६ व.४ अ.२ शू.२ रात्रि - शू.४ अ.४ व.६ अ.६ शू.४ व.६
चन्द्र	दिन - मा.४ व.८ अ.६ व.६ अ.४ शू.२ रात्रि - व.४ मा.४ अ.२ व.८ अ.४ शू.४ व.२ शू.२	चन्द्र	दिन - अ.४ व.४ अ.६ व.१६ रात्रि - व.६ अ.८ व.८ मा.२ व.६	चन्द्र	दिन - अ.८ मा.४ शू.६ अ.६ मा.६ रात्रि - व.६ अ.८ व.६ अ.४ शू.२ व.४
मंगल	दिन - अ.६ शू.२ व.२ अ.६ शू.८ अ.४ शू.२ रात्रि - व.४ मा.४ अ.२ व.६ अ.४ शू.२ व.२ मा.२ अ.४	मंगल	दिन - शू.४ व.६ अ.४ शू.४ व.६ शू.२ अ.४ रात्रि - शू.२ अ.८ व.६ अ.६ व.६ मा.२	मंगल	दिन - अ.४ व.६ अ.२ शू.४ मा.६ शू.६ व.२ रात्रि - व.६ अ.८ व.६ अ.४ शू.२ व.४
बुध	दिन - व.४ अ.४ व.६ अ.४ शू.२ व.४ मा.२ अ.४ रात्रि - शू.२ अ.६ मा.४ व.४ शू.४ अ.१०	बुध	दिन - शू.२ मा.४ अ.४ व.६ शू.२ व.४ अ.६ शू.२ रात्रि - व.४ अ.४ व.८ अ.६ शू.८	बुध	दिन - शू.२ मा.४ अ.८ व.६ शू.८ व.२ रात्रि - अ.१० शू.२ व.८ अ.६ शू.२ व.२
गुरू	दिन - अ.६ शू.२ व.४ अ.६ व.८ अ.४ रात्रि - व.४ मा.४ अ.२ व.८ अ.४ शू.४ अ.४	गुरू	दिन - अ.४ व.६ अ.४ शू.४ व.६ शू.२ अ.४ रात्रि - व.८ अ.६ व.६ अ.६ व.४	गुरू	दिन - अ.२ शू.४ व.६ अ.४ शू.२ व.४ अ.६ मा.२ रात्रि - शू.४ व.४ शू.२ अ.६ व.६ शू.२ व.६
शुक्र	दिन - शू.२ अ.१६ व.८ अ.२ शू.२ रात्रि - व.४ शू.२ अ.६ व.६ मा.६ शू.२ अ.४	शुक्र	दिन - अ.२ व.२ अ.६ व.६ अ.८ शू.२ व.४ रात्रि - व.४ अ.४ शू.४ अ.२ व.४ अ.४ शू.८	शुक्र	दिन - व.८ अ.४ शू.२ अ.२ व.४ अ.६ मा.४ रात्रि - व.४ शू.२ अ.६ शू.६ मा.२ शू.२ व.८
शनि	दिन - शू.४ व.२ शू.२ अ.८ शू.२ व.२ शू.४ अ.४ शू.२ रात्रि - व.६ अ.६ व.४ शू.४ अ.४ शू.२ अ.४	शनि	दिन - मा.२ शू.६ अ.८ व.१० शू.४ रात्रि - शू.२ व.४ मा.२ अ.४ शू.१० अ.२ व.२ शू.२ अ.२	शनि	दिन - शू.४ अ.४ शू.४ अ.८ शू.२ व.४ शू.२ मा.२ रात्रि - शू.२ व.४ अ.६ व.४ अ.६ व.४ अ.४

छिंक्कायाः प्रतिफलम्

मूलतया सर्दी जुकाम तथा नासिका के रोग विशेष की छींक तथा मदिरा आदि विविध मद्य-मादक पदार्थों के सेवन से उत्पन्न छींक का शुभाशुभप्रभाव नहीं बनता है एवं धेनु गाय, कन्या, विधवा स्त्री, मालन, घोविन, रजस्वला, वैश्या, चर्मकारिन स्त्री की छींक का दुष्प्रभाव विघटित ही होता है तथा स्वस्थ स्त्री-पुरुष, बालक-बालिका को छींक का फलाशय इस प्रकार सन्मुख छींक द्वन्द्व की कारक, पीठ पिछली सुख संचारक। छींक दाहिनी द्रव्य विनाशक, वाम छींक सौख्य विधायक। उँची छींक सौख्य की सूचक, निम्न भाग की भय प्रदायक। अपनी छींक गमन की कारक, भावी हेतु खेद विचारक । छींक शकुन निर्णय अभिसार, शास्त्र भवानी तत्व विचार।

भद्रा-मुख-पुच्छ-घटी ज्ञानसूत्र

उपकरण	शुक्ल पक्ष				कृष्ण पक्ष			
तिथि	४	८	११	१५	३	७	१०	१४
प्रहर	५	२	७	४	८	३	६	१
आदिमुखघटी	५	५	५	५	५	५	५	५
प्रहर	८	१	६	३	७	२	५	४
अन्त पुच्छघटी	३	३	३	३	३	३	३	३

✦ **विवरण** - तिथि प्रयोग (आरम्भ से अन्त) के घट्यादि पूर्ण मान में ८ के भाग देने से लब्धांक १ एक प्रहर का मान होगा। पुच्छ घटीकाल शुभ-मुख घटी कालनेष्ट प्रतिफल सूचक। माध्यमिक मान से ४ चार प्रहर दिन में तथा रात्रि में भी ४ प्रहर का मानक होता है। १ प्रहर का माध्यमिक मान७ घटी ३०पल तथापि स्पष्ट दिनमान-रात्रिमान अनुसार न्यूनाधिक प्रहर मान गणितागत प्राप्त होता है। ✦✦

पल्ली (छिपकली) प्रपात-पतन फल

स्थान	प्रतिफल	स्थान	प्रतिफल
मस्तक	लाभ	जानु	सुखद सन्देश
ललाट	प्रियदर्शन	जंघा	सुयोग विकास
भुमध्य	सुयोग सम्पर्क	हाथ	लाभद-योग
उ.ओष्ठ	धननाश	कन्धा	विकास-हर्ष
अ.ओष्ठ	धनलाभ	नाभि	लाभ-सुयोग
नासिका	विकार खेद	कटि	सुख-सुविधा
द.कर्ण	सुयोगद्	द. मणिबंध	अर्थ-हानि
वा. कर्ण	लाभ योग	वा. मणिबंध	अपवाद-खेद
नेत्र	कोष वृद्धि	हृदय	लाभ-सुयोग
द.भुजा	मानद योग	मुख	सुख-सुविधा
वा. भुजा	भय विकार	गुल्फ	भय विकार
कण्ठ	विजय हर्ष	केशान्त	विबाधा खेद
स्तन	विकार खेद	द.पाद	यात्रा प्रवास
उदर	लाभ योग	वा.पाद	कार्य हानि
पृष्ठ	व्यर्थ कार्य	पादांगुली	खेद विकार

पल्ली पाते (छिपकली) परिहार

शांति सूत्र- रात्रि में पल्ली पतन होने पर किसी प्रकार को दोष विशेष नहीं। परन्तु जन्म नक्षत्र दिवस मृत्यु योग (आनन्दादि) भद्रा, व्यतिपात, वैधृति तथा अष्टम चन्द्र स्थिति के समय छिपकली पतन अशुभ। दोष शान्ति हेतु गौमूत्र से आचमन करें, पंचगव्य से स्नान करें। अथवा धारित कपड़ों सहित स्नान करें, तथा ५-७ तुलसी पत्र का सेवन कर सूर्यनारायण का दर्शन-ध्यान करें। अथवा घृत-घी में मुखमण्डल की छाया देखकर अनुदान करें। एवमेव "ॐ ह्रौं जूं सः" इस बीज मंत्र की १ माला का जप जाप शांति विधायक सूत्र।

छींक विषयक विशेष सूत्र- आसने शयने शौचे, दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः॥ तथा च छींक सूघनी छल कर लेनों, शकुन तत्व फल नाहीं जानो।

स्त्री-पुरूष अंगस्फुरण शकुनप्रतिफलम्

पुरूषस्य दक्षिणांगे-स्त्रीणां वामांगे स्फुरणं शुभफलप्रदम्

स्थान	प्रतिफल	स्थान	प्रतिफल	स्थान	प्रतिफल
मस्तक	भूमि लाभ	वक्षःस्थल	विजयश्री	ओष्ठ	इष्ट सिद्धि
ललाट	स्थान लाभ	हृदय	कामना फल	हनु-ठोड़ी	सुख वृद्धि
स्कन्ध	सुख विकास	कटि	व्यर्थ कार्य	कण्ठ	लाभ सुयोग
भूमध्य	सुखद फल	कटि पार्श्व	सम्पर्क लाभ	ग्रीवाधः	विकारभय
भूयुग्म	सुखसुविधा	नाभि	श्री खेद	पृष्ठ	चिन्ता खेद
कपोल	शुभ फलद	आन्त्रिक	लाभ योग	मुख	सम्पर्क सुयोग
नेत्र	लाभद योग	भग	पति सुख	भुज	सुख सुविधा
नेत्रकोण	सुख सन्देश	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	अर्थ लाभ
नेत्र समीप	प्रिय संगम	उदर	लाभ योग	वस्तिदेश	विकास योग
नेत्र-पक्ष्म	सम्पर्क लाभ	लिंग	स्त्री सुयोग	उरू	सुसन्देश
हस्त	लाभद योग	गुदा	वाहन योग	जानु	चिन्ता खेद
नेत्रोर्ध्व	हर्ष विजय	वृषण	पुत्र लाभ	जंघा	सम्पर्क सुयोग
पादोपरि	स्थान लाभ	पादतल	ज्ञान वृद्धि	निर्णयसागर पंचांगम	

आनन्दादि योगों का कोष्ठ

सं.	योग	फलम्	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
१	आनन्द	शुभ	अश्वि.	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनु.	उत्त.षा.	शत.
२	कालदं.	अशुभ	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वा.भा.
३	धूम्र	अशुभ	कृतिका	पुनर्वसु	पूर्वा.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्त.भा.
४	धाता	शुभ	रोहिणी	पुष्य	उत्त.फा	विशाखा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	रेवती
५	सौम्य	शुभ	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनु.	उत्त.षा.	शत.	अश्वि.
६	ध्वांक्ष	अशुभ	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वा.भा.	भरणी
७	केतु	शुभ	पुनर्वसु	पूर्वा.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्त.भा.	कृतिका
८	श्रीवत्स	शुभ	पुष्य	उत्त.फा.	विशाखा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	रेवती	रोहिणी
९	वज्र	अशुभ	आश्लेषा	हस्त	अनु.	उत्त.षा.	शत.	अश्वि.	मृगशिरा
१०	मुद्गर	अशुभ	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वा.भा.	भरणी	आर्द्रा
११	छत्र	शुभ	पूर्वा.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्त.भा.	कृतिका	पुनर्वसु
१२	मित्र	शुभ	उत्त.फा.	विशाखा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य
१३	मानस	शुभ	हस्त	अनु.	उत्त.षा.	शत.	अश्वि.	मृगशिरा	आश्लेषा
१४	पद्म	शुभ	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वा.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा
१५	लुम्बक	अशुभ	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्त.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पूर्वा.फा
१६	उत्पात	अशुभ	विशाखा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्त.फा.
१७	मृत्यु	अशुभ	अनु.	उत्त.षा.	शत.	अश्वि.	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त
१८	काण	अशुभ	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वा.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
१९	सिद्धि	शुभ	मूल	श्रवण	उत्त.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पूर्वा.फा.	स्वाति
२०	शुभ	शुभ	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्त.फा.	विशाखा
२१	अमृत	शुभ	उत्त.षा.	शत.	अश्वि.	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनु.
२२	मुसल	अशुभ	अभि.	पूर्वा.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा
२३	गद	अशुभ	श्रवण	उत्त.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पूर्वा.फा.	स्वाति	मूल
२४	मातंग	शुभ	घनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्त.फा.	विशाखा	पूर्वा.षा.
२५	राक्षस	अशुभ	शत.	अश्वि.	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनु.	उत्त.षा.
२६	चर	शुभ	पूर्वा.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.
२७	सुस्थिर	शुभ	उत्त.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पूर्वा.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण
२८	प्रवर्ध	शुभ	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्त.फा.	विशाखा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा

दोषसंघ विनाशक-मुहूर्त्तशुद्धिप्रदायक

नाक्षत्रिक-रवियोग

इस प्रस्तुत कोष्ठ रचना में सुलभतया रवि योग नक्षत्र वेला मुहूर्त का परिज्ञान कराया गया है। सूर्यचन्द्र जनितनक्षत्र दिवस विशेष को शास्त्रकारों ने सर्वोत्तम कालांश मान्य किया है। कोष्ठ में गहरे शब्दों में सूर्य नक्षत्र तथा श्वेत शब्दों में दैनिक चन्द्र नक्षत्र हैं। यथा- अश्विनी `अश्विन्यांरविचार:` है, तो क्रमश: यदि दैनिक नक्षत्र रोहिणी-आर्द्रा-आश्लेषा-मघा-हस्त-पूर्वाषाढ नक्षत्र होने पर रवियोग दिवस मान्य होगा। सूर्यभातचन्द्रक्षेरवियोगा: स्युदर्दोषसंघविनाशका: मुहुर्त चिन्तामणिकार का स्पष्ट अभिमत है, जो कि मुहूर्त वेलाशोधन निर्णय हित अत्युपयोगी है।

सर्वार्थसिद्धियोग

रविवार, अश्विनी, पुष्य ३ तीनों उत्तरा, हस्त, मूल। सोमवार- रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, अनुराधा, श्रवण। मंगलवार- अश्विनी, कृतिका, आश्लेषा, उत्तराभाद्रपद। बुधवार- कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, अनुराधा। गुरुवार- अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, अनुराधा, रेवती। शुक्रवार- अश्विनी, पुनर्वसु, अनुराधा, श्रवण, रेवती। शनिवार- रोहिणी, स्वाति, श्रवण।

अमृतसिद्धियोग

रविवार-हस्त। सोमवार-मृगशिरा। मंगलवार-अश्विनी। बुधवार- अनुराधा। गुरूवार-पुष्य। शुक्रवार-रेवती। शनिवार- रोहिणी। परिज्ञान सूत्र वारों के आगे जो नक्षत्र हैं पंचांग में ये प्रतीत होने पर उपर्युक्त योग चरितार्थ होगा। यथा-रविवार को अश्विनी होने पर सर्वार्थसिद्धि तथा हस्तनक्षत्र होने पर अमृतसिद्धियोग बनेगा परन्तु मंगल-अश्विनी गृहप्रवेश में। शनि-रोहिणी महायात्रा में तथा गुरू-पुष्य विवाह में मान्य नहीं।

त्रिपुष्कर + द्विपुष्कर

तिथि २-७-१२ वार-रवि, मंगल, शनि तथा नक्षत्र विशाखा, उत्तराफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु, कृतिका, उत्तराषाढ़ इन तीनों के योग होने पर त्रिपुष्कर नामक योग - तथा तिथि २-७- १२ वार-रवि, मंगल, शनि तथा नक्षत्र चित्रा, मृगशिरा, घनिष्ठा इन तीनों के योग बनने पर द्विपुष्कर नामक योग गणनानुगत। दोनों योगानुयोगों का प्रतिफल मृत्यु विनाश + वस्तुलाभवृद्धि में त्रिपुष्कर तीन गुना तथा द्विपुष्कर दोगुना फल देता है। इन योगवश लाभहोने पर भावी लाभ तथा मृत्यु विनाश होने से और भी हानि विशेष बन पावे एवं शास्त्रीय मान्यता मुहूर्त्त चिन्तामणि शास्त्रग्रन्थ मतानुसार स्पष्टं एवञ्च तदने नीतिसार सूत्राणि ।।

रवियोग कोष्ठ रचना

सूर्य नक्षत्र	दैनिक चन्द्रनक्षत्र क्रम↓					
अश्विनी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा	मघा	हस्त	पूर्वा.षा.
भरणी	मृगशिरा	पुनर्वसु	मघा	पूर्वा.फा.	चित्रा	उत्त.षा.
कृतिका	आर्द्रा	पुष्य	पूर्वा.फा.	उत्त.फा.	स्वाति	श्रवण
रोहिणी	पुनर्वसु	आश्लेषा	उत्त.फा.	हस्त	विशाखा	घनिष्ठा
मृगशिरा	पुष्य	मघा	हस्त	चित्रा	अनुराधा	शतभिषा
आर्द्रा	आश्लेषा	पूर्वा.फा.	चित्रा	स्वाति	ज्येष्ठा	पूर्वा.भा.
पुनर्वसु	मघा	उत्त.फा.	स्वाति	विशाखा	मूल	उत्त.भा.
पुष्य	पूर्वा.फा.	हस्त	विशाखा	अनुराधा	पूर्वा.षा.	रेवती
आश्लेषा	उत्त.फा.	चित्रा	अनुराधा	ज्येष्ठा	उत्त. षा.	अश्विनी
मघा	हस्त	स्वाति	ज्येष्ठा	मूल	श्रवण	भरणी
पूर्वा.फा.	चित्रा	विशाखा	मूल	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	कृतिका
उत्त.फा.	स्वाति	अनुराधा	पूर्वा.षा.	उत्त.षा.	शतभिषा	रोहिणी
हस्त	विशाखा	ज्येष्ठा	उत्त.षा.	श्रवण	पूर्वा.भा.	मृगशिरा
चित्रा	अनुराधा	मूल	श्रवण	घनिष्ठा	उत्त.भा.	आर्द्रा
स्वाति	ज्येष्ठा	पूर्वा.षा.	घनिष्ठा	शतभिषा	रेवती	पुनर्वसु
विशाखा	मूल	उत्त.षा.	शतभिषा	पूर्वा.भा.	अश्विनी	पुष्य
अनुराधा	पूर्वा.षा.	श्रवण	पूर्वा.भा.	उत्त.भा.	भरणी	आश्लेषा
ज्येष्ठा	उत्त.षा.	घनिष्ठा	उत्त.भा.	रेवती	कृतिका	मघा
मूल	श्रवण	शतभिषा	रेवती	अश्विनी	रोहिणी	पूर्वा.फा.
पूर्वाषाढ	घनिष्ठा	पूर्वा.भा.	अश्विनी	भरणी	मृगशिरा	उत्त.फा.
उत्तराषाढ	शतभिषा	उत्त.भा.	भरणी	कृतिका	आर्द्रा	हस्त
श्रवण	पूर्वा.भा.	रेवती	कृतिका	रोहिणी	पुनर्वसु	चित्रा
घनिष्ठा	उत्त.भा.	अश्विनी	रोहिणी	मृगशिरा	पुष्य	स्वाति
शतभिषा	रेवती	भरणी	मृगशिरा	आर्द्रा	आश्लेषा	विशाखा
पूर्वा.भा.	अश्विनी	कृतिका	आर्द्रा	पुनर्वसु	मघा	अनुराधा
उत्त.भा.	भरणी	रोहिणी	पुनर्वसु	पुष्य	पूर्वा.फा.	ज्येष्ठा
रेवती	कृतिका	मृगशिरा	पुष्य	आश्लेषा	उत्त.फा.	मूल

रवि योग

तारीख	प्रारम्भ	तारीख	समाप्त
२०२६		२०२६	
२१ मार्च	२४:३८	२२ मार्च	२२:४३
२३ मार्च	२०:५०	२४ मार्च	१९:०५
२६ मार्च	१६:१९	२८ मार्च	१४:५०
३० मार्च	१४:४८	३१ मार्च	१५:२१
३१ मार्च	२०:११	०१ अप्रै.	१६:१८
०७ अप्रै.	२९:५४	०९ अप्रै.	०८:४८
१९ अप्रै.	२८:३५	२० अप्रै.	२६:०८
२१ अप्रै.	२३:५९	२२ अप्रै.	२२:१३
२४ अप्रै.	२०:१४	२६ अप्रै.	२०:२७
२९ अप्रै.	२४:१६	३० अप्रै.	२६:१७
०७ मई	१८:४६	०८ मई	२१:२०
१९ मई	०८:४२	२० मई	०६:१२
२० मई	२८:१२	२१ मई	२६:४९
२३ मई	२६:०९	२७ मई	०५:५७
२९ मई	१०:३८	३० मई	१३:२०
०६ जून	०६:०३	०७ जून	०७:५६
१७ जून	१३:३७	१८ जून	११:३२
१९ जून	१०:०७	२० जून	०९:२६
२२ जून	१०:२२	२२ जून	१२:२६
२३ जून	११:५४	२५ जून	१६:२७
२७ जून	२२:११	२८ जून	२५:०९
०५ जुला	१५:१३	०६ जुला	१२:०३
०६ जुला	१६:०८	०७ जुला	१६:२४
१६ जुला	१९:५२	१७ जुला	१८:३५
१८ जुला	१८:००	१९ जुला	१८:१२
२० जुला	११:२८	२० जुला	१९:१०
२२ जुला	२३:०३	२४ जुला	२८:३६
२७ जुला	१०:१९	२८ जुला	१३:११
०४ अग.	२१:५४	०५ अग.	२१:१८
१४ अग.	२७:४३	१५ अग.	२७:२५
१६ अग.	२७:५१	१७ अग.	०७:५९
१७ अग.	२८:५९	१९ अग.	०६:४७
२१ अग.	११:५३	२३ अग.	१७:४५
२५ अग.	२२:५१	२६ अग.	२४:४८
०२ सितं.	२५:४३	०३ सितं.	२४:२९
१३ सितं.	१३:०७	१३ सितं.	२१:४८
१४ सितं.	१३:५५	१५ सितं.	१५:२१
१६ सितं.	१७:२२	१७ सितं.	१९:५४
१९ सितं.	२५:४३	२२ सितं.	०७:०७
२४ सितं.	१०:३५	२५ सितं.	११:२२
०१ अक्ट.	२८:२७	०२ अक्ट.	२६:५५
१३ अक्ट.	२५:४३	१४ अक्ट.	२८:०३
१६ अक्ट.	०६:४८	१७ अक्ट.	०९:४७
१९ अक्ट.	१५:३९	२१ अक्ट.	१९:४८
२३ अक्ट.	२१:०३	२४ अक्ट.	१२:५१
२४ अक्ट.	२०:३२	२५ अक्ट.	१९:२२
३१ अक्ट.	०७:१२	३१ अक्ट.	२९:४०
१२ नवं.	१४:१९	१३ नवं.	१७:१७
१४ नवं.	२०:२४	१५ नवं.	२३:२९
१७ नवं.	२८:३५	२० नवं.	३०:५१
२२ नवं.	२८:१६	२३ नवं.	२६:०२
२९ नवं.	११:००	३० नवं.	०९:४२
११ दिसं.	२७:०४	१२ दिसं.	३०:१२
१४ दिसं.	०९:१२	१५ दिसं.	११:५३
१६ दिसं.	१०:२५	१६ दिसं.	१४:०२
१८ दिसं.	१६:१०	२० दिसं.	१४:५६
२२ दिसं.	१०:४६	२३ दिसं.	०७:५७
२८ दिसं.	१६:३३	२९ दिसं.	१२:४४
२९ दिसं.	१५:४३	३० दिसं.	१५:३७
२०२७		२०२७	
१० जन.	१५:१२	११ जन.	१४:४०
११ जन.	१७:५३	१२ जन.	२०:१४
१३ जन.	२२:०४	१४ जन.	२३:१९
१६ जन.	२३:३९	१८ जन.	२१:०५
२० जन.	१६:१७	२१ जन.	१३:२४
२७ जन.	२३:५३	२८ जन.	२४:३३
०९ फर.	२७:४०	१० फर.	२८:५६
११ फर.	२९:४२	१२ फर.	२९:५६
१४ फर.	२८:४७	१६ फर.	२५:३८
१८ फर.	२१:०६	१९ फर.	१८:३६
१९ फर.	२४:३८	२० फर.	१६:०८
२६ फर.	१०:१३	२७ फर.	११:४०
११ मार्च	११:२०	१२ मार्च	११:२२
१३ मार्च	११:०३	१४ मार्च	१०:२३
१६ मार्च	०८:१३	१७ मार्च	२९:०७
१८ मार्च	१५:२१	१८ मार्च	२७:२१
२० मार्च	२३:४५	२१ मार्च	२२:०७
२७ मार्च	२२:१५	२८ मार्च	२४:३२

सर्वार्थ सिद्धि

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
२०२६		
२० मार्च	०६:४६	३०:४५
२३ मार्च	२०:५०	३०:४१
२५ मार्च	०६:४०	१७:३३
२६ मार्च	१६:१९	३०:३८
२७ मार्च	०६:३८	१५:२४
०१ अप्रै.	१६:१८	३०:३२
०४ अप्रै.	०६:३०	२१:३५
०६ अप्रै.	०६:२८	२६:५७
११ अप्रै.	१३:४०	३०:२१
१६ अप्रै.	१३:५९	३०:१७
१७ अप्रै.	०६:१७	३०:१६
२० अप्रै.	०६:१४	३०:१३
२३ अप्रै.	०६:११	३०:१०
२९ अप्रै.	०६:०६	२४:१६
०४ मई	०६:०२	०९:५८
०८ मई	२१:२०	२९:५९
०९ मई	०५:५९	२३:२५
१२ मई	२५:१७	२९:५६
१४ मई	०५:५६	२९:५५
१५ मई	०५:५५	२०:१५
१८ मई	०५:५४	२९:५३
२१ मई	०५:५२	२६:४९
२४ मई	२६:५१	२९:५१
२७ मई	०५:५०	०५:५७
०५ जून	०५:४९	२९:४९
०६ जून	०५:४९	०६:०३
०९ जून	०९:३९	२९:४९
११ जून	०५:४९	२९:४९
१२ जून	०५:४९	०६:२९
१३ जून	२५:१७	२९:४९
१५ जून	०५:४९	१९:०८
१८ जून	०५:४९	११:३२
२१ जून	०९:३१	२९:५०
२६ जून	१९:१६	२९:५१
२८ जून	२५:०९	२९:५२
०३ जुला	०५:५४	११:४७
०७ जुला	०५:५५	१६:२४
०९ जुला	०५:५६	१४:५६
११ जुला	११:०४	२९:५७
१९ जुला	०६:०१	३०:०१
२३ जुला	२५:४३	३०:०३
२४ जुला	०६:०३	२८:३६
२६ जुला	०७:३५	३०:०५
०२ अग.	२१:३७	३०:०८
०४ अग.	२१:५४	३०:०९
०८ अग.	०६:१०	१६:५१
१६ अग.	०६:१४	२७:५१
२० अग.	०९:०८	३०:१७
२१ अग.	०६:१७	११:५३
२३ अग.	०६:१७	१७:४५
३० अग.	०६:२०	२७:४५
०१ सितं.	०६:२१	२६:४२
०२ सितं.	२५:४३	३०:२२
०७ सितं.	१८:१४	३०:२४
०८ सितं.	१६:३९	३०:२५
१३ सितं.	०६:२६	१३:०७
१६ सितं.	१७:२२	३०:२८
१७ सितं.	०६:२८	१९:५४
२० सितं.	२८:३५	३०:२९
२७ सितं.	०६:३२	११:०८
२९ सितं.	०६:३३	०९:०४
३० सितं.	०७:३७	३०:३४
०४ अक्टु.	२४:१४	३०:३६
०५ अक्टु.	०६:३६	२३:०९
०६ अक्टु.	०६:३६	२२:१८
१४ अक्टु.	०६:४०	२८:०३
१८ अक्टु.	१२:४९	३०:४३
१९ अक्टु.	१५:३९	३०:४३
२५ अक्टु.	१९:२२	३०:४७
२७ अक्टु.	१५:३९	३०:४८
२८ अक्टु.	०६:४८	३०:४९
०१ नवं.	०६:५०	२८:३१
०७ नवं.	२९:५२	३०:५५
११ नवं.	०६:५७	११:३८
१५ नवं.	०७:००	२३:२९
१६ नवं.	०७:०१	२६:१७
२० नवं.	३०:५१	३१:०५
२२ नवं.	०७:०५	२८:१६
२४ नवं.	०७:०७	२३:२५
२५ नवं.	०७:०८	३१:०८
२७ नवं.	१५:०९	३१:१०
२९ नवं.	०७:११	११:००
०५ दिसं.	११:४९	३१:१६
०७ दिसं.	१५:४८	३१:१७
१२ दिसं.	३०:१२	३१:२०
१४ दिसं.	०७:२१	०९:१२
१८ दिसं.	१६:१०	३१:२४
२० दिसं.	०७:२५	१४:५६
२२ दिसं.	०७:२६	१०:४६
२३ दिसं.	०७:२६	२८:५३
२४ दिसं.	२५:४७	३१:२७
२५ दिसं.	०७:२७	२२:५०
३० दिसं.	१५:३७	३१:२९
२०२७		
०२ जन.	०७:३०	१९:१९
०४ जन.	०७:३०	२४:१५
०९ जन.	१२:१६	३१:३१
१४ जन.	२३:१९	३१:३१
१५ जन.	०७:३१	३१:३१
१८ जन.	२१:०५	३१:३१
२० जन.	०७:३०	१६:१७
२१ जन.	१३:२४	३१:३०
२२ जन.	०७:३०	१०:२५
२७ जन.	०७:२९	२३:५६
०५ फर.	१८:३२	३१:२४
०६ फर.	०७:२४	२१:१९
०९ फर.	२७:४०	३१:२१
११ फर.	०७:२१	३१:२०
१२ फर.	०७:२०	२९:५६
१५ फर.	०७:१८	३१:१७
१८ फर.	०७:१५	३१:१५
२४ फर.	०७:१०	०९:३९
०५ मार्च	०७:०२	२८:२१
०९ मार्च	०९:५८	३०:५७
११ मार्च	०६:५६	३०:५५
१२ मार्च	०६:५५	११:२२
१५ मार्च	०६:५१	३०:५०
१८ मार्च	०६:४८	२७:२१
२१ मार्च	२२:०७	३०:४४
२६ मार्च	२०:३६	३०:३८
२८ मार्च	२४:३२	३०:३६
०२ अप्रै.	०६:३२	१२:१६
०६ अप्रै.	०६:२८	१८:२३

अमृत सिद्धि

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
२०२६		
२० मार्च	०६:४६	२६:२८
१७ अप्रै.	०६:१७	१२:०२
२० अप्रै.	२६:०८	३०:१३
२३ अप्रै.	२०:५७	३०:१०
१८ मई	११:३२	२९:५३
२१ मई	०५:५२	२६:४९
१३ जून	२५:१७	२९:४९
१५ जून	०५:४९	१९:०८
१८ जून	०५:४९	११:३२
११ जुला	११:०४	२९:५७
१९ जुला	१८:१२	३०:०१
४ अग.	२१:५४	३०:०९
८ अग.	०६:१०	१६:५१
१६ अग.	०६:१४	२७:५१
१ सितं.	०६:२१	२६:४२
१३ सितं.	०६:२६	१३:०७
१६ सितं.	१७:२२	३०:२८
२९ सितं.	०६:३३	०९:०४
१४ अक्ट.	०६:४०	२८:०३
११ नव.	०६:५७	११:३८
२० नव.	३०:५१	३१:०५
१८ दिस.	१६:१०	३१:२४
२०२७		
१५ जन.	०७:३१	२३:५१
१५ फर.	२७:२६	३१:१७
१८ फर.	२१:०६	३१:१५
१५ मार्च	०९:२६	३०:५०
१८ मार्च	०६:४८	२७:२१

उपरोक्त दिए गए सभी प्रारंभ व समाप्ति समय भारतीय ज्योतिष समय अनुसार दिया है। यह सूर्योदय से सूर्योदय तक के दिन की अवधि को दर्शाता है। मध्य रात्रि एवं आगामी दिन के सूर्योदय के मध्य आने वाले सभी प्रारम्भ एवं समाप्ति समय २४+ घण्टे के प्रारूप में दर्शाये जाते हैं। उदाहरण - २७:२१ मध्य रात्रि (२४) के बाद ३ घंटा २१ मिनिट को दर्शाता है।

द्विपुष्कर

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
	२०२६	
२४ मार्च	१९:०५	३०:४०
०६ जून	२६:४२	२९:४९
०७ जून	०५:४९	०७:५६
०९ अग.	११:०६	१४:४३
११ अक्टू	२१:३२	२२:३३
०५ दिस.	०७:१५	११:४९
	२०२७	
१९ जन.	१८:५४	२८:४२
०७ फर.	२३:२८	२३:४९
२३ मार्च	१९:५०	३०:४२
०३ अप्रै.	०६:३१	१४:४२

ज्वालामुखी योग

प्रतिपदा तिथि + मूल नक्षत्र, पंचमी तिथि + भरणी नक्षत्र, अष्टमी तिथि + कृतिका नक्षत्र, नवमी तिथि + रोहिणी नक्षत्र, दशमी तिथि + आश्लेषा नक्षत्र के संयोग से ज्वालामुखी योग निर्मित होता है।

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
	२०२६	
२२ मार्च	२१:१७	२२:४३
२५ अप्रै.	१८:२९	२०:०५
०१ सितं.	२६:४२	३०:१३
०५ अक्टू.	२३:०९	२६:०८
०९ दिस.	२१:००	३१:१९
१० दिस.	०७:१९	०८:४७
	२०२७	
१३ फर.	२९:३७	३१:१८
१४ फर.	०७:१८	२४:४२
१४ फर.	२८:४७	३१:१८
१५ फर.	०७:१८	२२:४५
१२ मार्च	१४:५८	३०:५३
१३ मार्च	०६:५३	११:०३

त्रिपुष्कर

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
	२०२६	
१४ अप्रै.	१६:०६	२४:१३
१९ अप्रै.	०७:१०	१०:५०
२८ अप्रै.	०६:०७	१८:५२
०२ मई	२४:५०	३०:०३
०३ मई	०६:०३	०७:१०
१६ जून	१६:१२	२४:५३
२१ जून	०९:३१	१५:२१
११ जुला.	०५:५७	११:०४
२५ अग.	०६:१८	०६:२१
२९ अग.	०९:५७	२७:४२
१२ सितं.	०७:४७	१२:५५
२७ अक्टू.	१५:३९	२८:०७
३१ अक्टू.	१६:५८	२९:४०
२९ दिसं.	१५:४३	३१:२९
	२०२७	
०३ जन.	१६:०९	२१:३७
०९ जन.	०७:३१	१२:१६
२७ फर.	०७:०७	११:४०

रविपुष्य

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
	२०२६	
०४ अक्टू.	२४:१४	३०:३६
०१ नवं.	०६:५०	२८:३१
२९ नवं.	०७:११	११:००

गुरूपुष्य

तारीख	प्रारम्भ	समाप्त
	२०२६	
२३ अप्रै.	२०:५७	३०:१०
२१ मई	०५:५२	२६:४९
१८ जून	०५:४९	११:३२
	२०२७	
१८ फर.	२१:०६	३१:१५
१८ मार्च	०६:४८	२७:२१

पंचक- चन्द्रमा के कुम्भ राशि में प्रवेश से प्रारंभ होता है व चन्द्रमा के मेष राशि में प्रवेश समय पर समाप्त होता है। पंचक में घर निर्माण कार्य (छत डालना), दाह संस्कार, दक्षिण दिशा की यात्रा, ईंधन, लकड़ी, घास संग्रह, पलंग बनवाना या खरीदना अशुभ माना गया है।

विशाखा (बिछुड़ा)

जिसे विदर भी कहते है, चन्द्रमा के वृश्चिक राशि में प्रवेश समय से प्रारंभ होकर चंद्रमा के धनु राशि में प्रवेश समय पर समाप्त होता है।

तारीख	प्रारम्भ	तारीख	समाप्त
२०२६		२०२६	
०५ अप्रै.	१७:२८	०७ अप्रै.	२९:५४
०२ मई	२४:३०	०५ मई	१२:५५
३० मई	०६:३९	०१ जून	१९:०९
२६ जून	१२:३३	२८ जून	२५:०९
२३ जुला.	१९:०१	२६ जुला.	०७:३५
१९ अग.	२६:३०	२२ अग.	१४:४९
१६ सितं	१०:४९	१८ सितं	२२:४५
१३ अक्टू	१९:१२	१६ अक्टू	०६:४८
०९ नव.	२६:४८	१२ नव.	१४:१९
०७ दिस.	०९:१४	०९ दिस.	२१:००
२०२७		२०२७	
०३ जन.	१५:००	०५ जन.	२७:०७
३० जन.	२१:२२	०२ फर.	०९:२१
२६ फर.	२९:१४	०१ मार्च	१६:२७
२६ मार्च	१४:१८	२८ मार्च	२४:३२

पंचक

तारीख	प्रारम्भ	तारीख	समाप्त
२०२६		२०२६	
१६ मार्च	१८:१४	२० मार्च	२६:२८
१२ अप्रै.	२७:४५	१७ अप्रै.	१२:०२
१० मई	१२:१३	१४ मई	२२:३४
०६ जून	१९:०४	११ जून	०८:१६
०३ जुला.	२४:४८	०८ जुला.	१६:००
३१ जुला.	०६:३८	०४ अग.	२१:५४
२७ अग.	१३:३५	३१ अग.	२७:२४
२३ सितं	२१:५७	२८ सितं	१०:१६
२१ अक्टू	०७:००	२५ अक्टू	१९:२२
१७ नव.	१५:३०	२१ नव.	२९:५५
१४ दिस.	२२:३६	१९ दिस.	१५:५८
२०२७		२०२७	
१० जन.	२८:३५	१५ जन.	२३:५१
०७ फर.	१०:३६	११ फर.	२९:४२
०६ मार्च	१७:३४	११ मार्च	११:२०
०२ अप्रै.	२५:३३	०७ अप्रै.	१८:२५

भारतीय भू संभाग मध्य सूर्य-चन्द्र ग्रहण विवेचन

संवत् २०८३ के अंतर्गत भू-मंडलीय ग्रहण गणना नियामक से चार ग्रहण का प्रारूप गणितागत प्राप्त हो रहा है। भारत में अदृश्य:मान्द्य ग्रहण हेतु वेध सूतक स्नान दान पुण्य कर्म एवं जप अनुष्ठान हेतु मान्यता नहीं होगी। इसी विषय में धर्मशास्त्रीय वचन विशेष यह की **॥ द्विपान्तारे ग्रहण सत्वेऽपिदर्शन योग्यत्वायान्न पुण्यकाल:॥**

१.खग्रास सूर्य ग्रहण ता. १२.८.२६ :- भारत में अदृश्य

संवत् २०८३ श्रावण कृष्ण पक्ष ३० बुधवार दि. १२.८.२६ को खग्रास सूर्य ग्रहण होगा। भारतीय समय से इसका स्पर्श रात्रि में ०९:०४ बजे से, मध्य रात्रि ११:१६ एवं मोक्ष रात्रिशेष ०१:२८ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इससे भारत में इससे सम्बन्धी कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण नार्थ अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप, अफ्रीका का उत्तरी पश्चिम भाग में और अटलांटिक और आर्कटिक में दृश्य होगा।

२.खण्डग्रास चन्द्र ग्रहण ता. २८.८.२६ :- भारत में अदृश्य

संवत् २०८३ श्रावण शुक्ल पक्ष १५ शुक्रवार दि. २८.८.२०२६ ई. को खण्डग्रास चंद्रग्रहण होगा। भारतीय समय में चन्द्र का विरल छायाँ में प्रवेश प्रातः ०६:५४ बजे, स्पर्श प्रातः ०८:०४ बजे, मध्य दिवा ०९:४३ बजे, मोक्ष दिवा ११:२२ बजे, विरल छायाँ से निर्गम दिवा १२:३२ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इससे भारत में इससे सम्बन्धी कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, ग्रीनलैंड, इराक, ईरान, साउदी अरब, ओमान, पसेफिक, अटलांटिक ओसियन, इंडियन ओसियन अन्टार्कटिका में दृश्य होगा।

३.कंकणाकृति सूर्य ग्रहण ता. ०६.२.२७ :- भारत में अदृश्य

संवत् २०८३ माघ कृष्ण पक्ष ३० शनिवार दि. ०६.२.२७ को कंकणाकृति सूर्य ग्रहण होगा। भारतीय समय से इसका स्पर्श सांय ०६:२८ बजे से, मध्य रात्रि ०९:३० एवं मोक्ष रात्रिशेष १२:३२ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इससे भारत में इससे सम्बन्धी कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण नार्थ साउथ अमेरिका, अफ्रीका का सम्पूर्ण पश्चिम भाग और पेसिफ़िक अटलांटिक और अंतर्तिका में दृश्य होगा।

४.मान्ध्य (उपछाया) चन्द्र ग्रहण ता. २०.२.२७ :- भारत में दृश्य

संवत् २०८३ माघ शुक्ल पक्ष १५ शनिवार दि. २०.२.२७ ई. को मान्ध्य चंद्रग्रहण होगा। भारतीय समय में चन्द्र का विरल छायाँ में प्रवेश रात्रिशेष ०२:४२ बजे, मध्य रात्रिशेष ०४:४३ बजे, विरल छायाँ से निर्गम रात्रिशेष ०६:४३ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य तो होगा परन्तु नग्न आँखों से स्पष्ट दृष्टिगत नहीं होगा यह एक उपछायाँ ग्रहण है इससे ग्रहण से सम्बंधित वेध-सूतक- स्नान- दान पुण्य- कर्म- यम- नियम मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, ग्रीनलैंड, इराक, ईरान, साउदी अरब, ओमान, पसेफिक, अटलांटिक ओसियन, इंडियन ओसियन अन्टार्कटिका में भी दृश्य होगा।

ग्रहण सम्बन्धि व्यर्थ के युट्यूब विडियो व न्यूज देखकर भ्रमित न रहें।

एकादशी व्रत निर्णय

•स्मार्त्त– शब्द का प्रयोग शास्त्रकारों ने गृहस्थियों के लिए किया है। अतः सभी गृहस्थी लोग, जो वैष्णव सम्प्रदाय में दीक्षित नहीं है, वे स्मार्त कहलाते हैं।
•वैष्णव– शब्द का प्रयोग धर्मशास्त्रकारों ने यतियों, सन्यासियों के लिए किया है। जिन लोगों ने किसी वैष्णव सन्यासी गुरू से दीक्षा ली है और कुल-परम्परा से जो स्वयं को वैष्णव सम्प्रदाय में दीक्षित मानते चले आ रहे हैं, वे भी वैष्णव हैं। अधिक जानकारी हेतु पृष्ठ संख्या १०२ देखें। 'स्मार्त्त' एवं 'वैष्णव' सम्प्रदाय के लोगों द्वारा अपने सम्प्रदायानुसार सिद्धान्तों के आधार पर निर्णीत दिन में व्रत किया जाता है। स्मार्त्त एवं वैष्णव सम्प्रदायों के अनुसार एकादशी व्रत के तिथिनिर्णय-नियम पृथक् पृथक् हैं, जिन्हें दो भागों में बांटा जा सकता हैं। (अन्य सम्प्रदाय या किसी विशेष पंथ मार्गी समुह अपने विशेष नियमानुसार व्रत रखें)

➤ प्रथम निर्णय– जिसे सामान्य नियम कहा जा सकता है, वहां लागू होता है जहां एकादशी या द्वादशी का क्षय या वृद्धि न हो। इन नियमों को तीन भागों में विभाजित किया गया है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है।

{१}अरुणोदये दशमीविद्धा एकादशी नियम

यदि दशमी अरुणोदयकाल को स्पर्श कर रही हो (यानी दशमी का समाप्तिकाल ५६ घटी से अधिक हो) तो दशमी द्वारा अरुणोदयवेध माना जाता है। इस स्थिति में वैष्णव दूसरे दिन त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। स्मार्त्त तो उसी दिन द्वादशीयुता एकादशी में व्रत कर लेते हैं, अर्थात् दशमी द्वारा अरुणोदयवेध स्मार्तों को त्याज्य नहीं है, वैष्णवों को त्याज्य है। यहां प्रमाणार्थ गरुडपुराण का यह वाक्य है–**दशमीशेषसंयुक्तो यदि स्यादरुणोदयः। नैवोपोष्यं वैष्णवेन तद्दिनैकादशीव्रतम् ।।**

{२}सूर्योदये दशमीविद्धा एकादशी नियम

यदि दशमी सूर्योदयानन्तर भी विद्यमान हो तो दशमी द्वारा सूर्योदयवेध माना जाता है। इस स्थिति में स्मार्त एवं वैष्णव दोनों उस दिन व्रत नहीं करते, तब वे दूसरे दिन द्वादशीयुता एकादशी में व्रत करते हैं. अर्थात् दशमी द्वारा सूर्योदयवेध दोनों सम्प्रदायों को अग्राह्य है। यहां कण्व का यह वचन प्रमाण है–**उदयोपरि विद्धातु दशम्यैकादशी यदि । दानवेभ्यः प्रीणनार्थं दत्तवान् पाकशासनः।।**

{३} शुद्धा एकादशी नियम

यदि दशमी द्वारा अरुणोदय और सूर्योदय– दोनों का वेध न हो (यानी दशमी का समाप्तिकाल ५६ घटी से ज्यादा न हो) तो एकादशी शुद्धा मानी जाती है। शुद्धा एकादशी की स्थिति में स्मार्त्त एवं वैष्णव दोनों उसी दिन (द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन ही) व्रत करते हैं।यहां दशमी द्वारा अरुणोदय एवं सूर्योदय-दोनों वेधों के अभाव में स्मार्त्त एवं वैष्णव दोनों का उसी दिन व्रत पहले दिये दो सामान्य नियमों में प्रदर्शित प्रमाणों से सिद्ध है।

➤ द्वितीय निर्णय– जिसे विशेष नियम कहा जा सकता है, वहां लागू होता है, जहां एकादशी या द्वादशी का क्षय या वृद्धि हो। इन विशेष नियम को पुनः छः भागों में बांटा गया है. जिनका विवरण नीचे दिया गया है।

१ एकादशी वृद्धि द्वादशी क्षय नियम एकादशी की वृद्धि होने के साथ ही द्वादशी का क्षय भी हो तो स्मार्त्त लोग ११, १२ और १३– इन तिथियों से युक्त दिन में व्रत नहीं करते। वे षष्टि-घट्यात्मक एकादशी के दिन व्रत करते हैं। लेकिन यहां वैष्णव लोग तो ११, १२ और १३ तिथियों से युक्त दिन में ही व्रत करते हैं।ध्यान रहे– यह नियम दशमी द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में लागू होता है। कूर्मपुराण का यह वचन स्पष्ट करता है कि ११, १२ और १३ तिथियों से मिश्रित दिन में पुत्र–पौत्रों वाले गृहस्थी (स्मार्त्त) को व्रत नहीं करना चाहिए– "**एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी। उपवासं न कुर्वीत पुत्र–पौत्रसमन्वितः ।।**" यह वाक्य यहां स्मार्तों को षष्टिघट्यात्मक एकादशी तिथि वाले दिन और प्रकारान्तर से ११, १२ और १३ तिथियों से मिश्रित दिन में वैष्णवों को व्रत करने का निर्देश करता है। इस स्थिति में ११, १२ और १३ तिथियों से मिश्रित दिन में व्रत करने का निर्देश करने वाला यह वाक्य निबन्धकारों द्वारा उद्धृत किया जाता है, जिसे वैष्णवों के लिए माना गया है– "**एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी। त्रिभिः मिश्रा तिथिः प्रोक्ता सर्वपापहरा सदा ।।**

२ द्वादशी वृद्धि नियम द्वादशी की वृद्धि होने पर स्मार्त्त द्वादशीयुता एकादशी के दिन और वैष्णव षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। ध्यान रहे दशमी द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में यह नियम भी समानरूपेण चरितार्थ होता है।इस स्थिति में माधव और हेमाद्रि एकमत नहीं हैं। यहां माधव के मतानुसार स्मार्त्तों का व्रत द्वादशीयुता एकादशी के दिन और वैष्णवों का षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन होना चाहिए, जबकि हेमाद्रि के मतानुसार स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के व्रत के साथ षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन ही होना चाहिए। लेकिन यहां माधवमत ही बहुसम्मत है।

३ एकादशी वृद्धि नियम एकादशी की वृद्धि होने पर स्मार्त एवं वैष्णव, दोनों द्वादशीयुता एकादशी के दिन ही व्रत करते हैं। यह नियम भी दशमी द्वारा अरुणोदय का वेध एवं अवेध दोनों स्थितियों में समान है। इस नियम का समर्थन नारद का यह वाक्य करता है– "**सम्पूर्णैकादशी यत्र प्रभाते पुनरेव सा। सर्वैरेवोत्तरा कार्या परतो द्वादशी यदि।।**" अर्थात् पहिले दिन यदि षष्टिघट्यात्मक एकादशी हो और दूसरे दिन भी वह एकादशी विद्यमान हो। तब सभी (स्मार्त्तों और वैष्णवों) को दूसरे दिन व्रत करना चाहिए, बशर्ते कि वहां द्वादशी का क्षय न हुआ हो। लेकिन स्कन्द का मत है कि यहां (एकादशी की वृद्धि होने पर) पहिले दिन षष्टिघट्यात्मक एकादशी के दिन स्मार्तों एवं दूसरे दिन वैष्णवों को व्रत करना चाहिए। यहां उनका वचन यह है –**प्रथमेऽहनि सम्पूर्णा व्याप्याहोरात्र-संयुता।द्वादश्यां च तथा तात दृश्यते पुनरेव च ॥ पूर्वा कार्या गृहस्थैस्तु यतिभिश्चोत्तरा विभो॥** यहां नारद के मत को ही बहुमत प्राप्त है।

४ द्वादशी क्षय नियम द्वादशी का क्षय हो जाने पर स्मार्तों को दशमीयुता एवं वैष्णवों कोद्वादशी–त्रयोदशीयुता एकादशी के दिन व्रत करना चाहिए।यहां पद्मपुराण का वाक्य है– "**एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।त्र्यहःस्पृक् तदहोरात्रं नोपोष्यं तत्सुतार्थिभिः।।**" इस वाक्यानुसार ११, १२, १३ तिथियों से मिश्रित दिन में स्मार्त्तों (गृहस्थियों) के व्रत का निषेध और वैष्णवों के व्रत का विधान है। अतः यहां पन्द्मपुराण का यह वाक्य प्रकारान्तरेण स्मार्तों को सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन एकादशीव्रत करने की ओर संकेत करता है। इसी स्थिति में दशमीमिश्रित एकादशी में व्रत करने का स्पष्ट निर्देश वृद्धवसिष्ठ के इस वाक्य में भी है– "**द्वादशी स्वल्पमल्पापि यदि न स्यात्परेऽहनि ।दशमी–मिश्रिता कार्या महापातकनाशिनी।।**" ध्यान दें– यहां वृद्धवसिष्ठ के इस विशेष वचनानुसार सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन स्मार्तों का व्रत निर्धारित किया गया है, जोकि उपरोक्त "उदयोपरि विद्धा तु इस सामान्य नियमानुसार निःसन्देह निषिद्ध है। लेकिन शास्त्रों द्वारा स्मार्तों के लिए त्रयोदशी में पारणा भी सर्वथा वर्जित मानी गई है। यदि इस (द्वादशीक्षय की) स्थिति में स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के साथ कर दिया जाए तो स्मार्तों को व्रत की पारणा त्रयोदशी में करने की स्थिति आ पड़ेगी। अतः अन्य विकल्प के अभाव में स्मार्तों को दशमीमिश्रिता एकादशी में ही व्रत करने की अनुमति दी गई है। किंच इस प्रकार की स्थिति में जब स्मार्तों को त्रयोदशी में पारणा करने की नौबत आ पड़े तब दशमीमिश्रिता एकादशी में ही व्रत करने की अनुमति ऋष्यश्रृंग ने भी इस वाक्य में स्पष्ट दी है– "**पारणाहे न लभ्येत द्वादशी कलयापि चेत्। तदानीं दशमीविद्धाऽप्युपोष्यैकादशी तिथिः।।**"

५ एकादशी क्षय द्वादशी वृद्धि नियम यदि एकादशी का क्षय और साथ ही द्वादशी की वृद्धि भी हो तो स्मार्त और वैष्णव दोनों षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन व्रत करते हैं–यहां व्यास का यह वाक्य है– **एकादशी यदा लुप्ता परतो द्वादशी भवेत्। उपोष्या द्वादशी तत्र यदीच्छेत्परमां गतिम् ।।**" वैसे दशमी द्वारा सूर्योदयवेध के कारण उपरोक्त सामान्य नियमानुसार भी व्यास का यह निर्देश संगत है।

६ एकादशी क्षय नियम यदि एकादशी का क्षय हुआ हो तो स्मार्त्त दशमीयुता एकादशी के दिन और वैष्णव त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। ध्यान दें– यहां स्मार्त्तों के व्रत को वैष्णवों के व्रत के साथ त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन नहीं किया जा सकता। क्योंकि, ऐसा करने पर उनकी पारणा त्रयोदशी में पड़ जाती है, जोकि सर्वथा निषिद्ध है। अतः इस स्थिति में स्मार्त्त व्रत दशमीमिश्रिता एकादशी में ही होगा। प्रमाणार्थ **ऋष्यश्रृंग** का उपरोक्त वाक्य "**पारणाहे न लभ्येत..... दशमीविद्धाऽप्युपोष्यैकादशी तिथिः।।**" स्पष्ट है यहां भी नियम (४) वाली स्थिति ही बनती है।

*** उपरोक्त सभी नियम "धर्मसिंधु" व "व्रतपर्व विवेक" से उद्धरित किये गए है ***

एकादशी संवत् २०८३

निर्णयसागर पंचांग, नीमच	तारीख	माह	वार
कामदा एकादशी	२९	मार्च	रवि
वरुथिनी एकदशी	१३	अप्रैल	सोम
मोहिनी एकदशी	२७	अप्रैल	सोम
अपरा एकादशी	१३	मई	बुध
पद्मिनी एकादशी	२७	मई	बुध
परम एकादशी	११	जून	गुरु
निर्जला एकादशी	२५	जून	गुरु
योगिनी एकादशी	१०	जुलाई	शुक्र
वैष्णव योगिनी ११	११	जुलाई	शनि
देवशयनी एकादशी	२५	जुलाई	शनि
कामिका एकादशी	०९	अगस्त	रवि
पवित्रा एकादशी	२३	अगस्त	रवि
वैष्णव पवित्रा एकादशी	२४	अगस्त	सोम
अजा एकादशी	०७	सितम्बर	सोम
पद्मा जलझुलनी ११	२२	सितम्बर	मंगल
इन्दिरा एकादशी	०६	अक्टूबर	मंगल
पापांकुशा एकादशी	२२	अक्टूबर	गुरु
रमा एकादशी	०५	नवम्बर	गुरु
देवप्रबोधिनी एकादशी	२०	नवम्बर	शुक्र
वैष्णव देवप्रबोधिनी ११	२१	नवम्बर	शनि
उत्पत्ति एकादशी	०४	दिसम्बर	शुक्र
